# कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड छबड़ा

## संक्षिप्त परियोजना रिपोर्ट

| | | |
|---|---|---|
| 1. | योजना | 5054–स्टेट हाईवे |
| 2. | सड़क का नाम | कोटा–धरनावदा सड़क किमी. 111/0 से 157/525 |
| 3. | स्वीकृत लम्बाई | 46.525 कि.मी. |
| 4. | प्रस्तावित वन भूमि की लम्बाई | 5.00 कि.मी. |
| 5. | स्वीकृत लागत | 9850.00 लाख |
| 6. | स्वीकृत विवरण | संलग्न |

कोटा–धरनावदा सड़क (कवाई से धरनावदा तक) किमी 111/0 से 157/525 स्टेट हाईवे योजनान्तर्गत स्वीकृत की गई है। सीमेन्ट कांक्रीट पेवमेन्ट एवम् 39 पुलियाओं तथा 2000 मीटर लम्बाई में प्रोटेक्शन कार्य एवम् 450 मीटर लम्बाई में नाली निर्माण का कार्य किया जावेगा। पूर्व निर्मित सड़क अलाइनमेंट पर ही चौडाईकरण, सुदृढ़ीकरण एवं नवीनीकरण कार्य किया जा रहा है। इससे थर्मल पॉवर प्लान्ट से हो रहे भारी मशीनरी व वाहनों का आवागमन सुगम हो सकेगा तथा लाखों की आबादी को इसका लाभ मिलेगा। इसके अतिरिक्त चिकित्सा, शिक्षा सुविधा का भी लाभ मिलेगा, जिला प्रशासन को कानून व्यवस्था बनाये रखने में सुविधा मिलेगी तथा ग्रामवासियों को सरकारी योजनाये एवं विकास कार्यो का समुचित लाभ मिलेगा तथा साथ मे वन विभाग को वन के प्राटैक्शन में सुविधा मिलेगी।

यह सडक राज्य सड़क है, जो कोटा से कवाई–छबडा होते हुए गुना (मध्यप्रदेश सीमा) को जोड़ती है। वर्तमान में उक्त सड़क 5.50 मीटर केरिजवें में पटरी सहित 9.00 मीटर फोरमेशन बना हुआ है। उक्त सड़क पर छबड़ा थर्मल पॉवर प्रोजक्ट मोतीपुरा की वजह से भारी वाहनों का आवागमन हो रहा है। जिससे सड़क की चौड़ाई एवं स्ट्रेन्थिंग किया जाना अतिआवश्यक हो गया है।

(मुकेश गुप्ता)
अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. खण्ड छबड़ा